# तुम्हारा छोड़ कर द्वारा ऐ साँई हम कहाँ जाएँ

तुम्हारा छोड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ,
सिवा तेरे मेरा जग मे,
नज़र दूजा नही आए।bd।

तर्ज – न झटको जुल्फ़ से पानी।

---

मै ग़म का मारा हूँ साँई,
हूँ अपनो का भी ठुकराया,
तू हमको न भुला देना,
तेरी ले आश हम आए,
तुम्हारा छौड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ।bd।

---

तू दीना नाथ है बाबा,
यह सुन कर मै चला आया,
दया की इक नज़र साँई,
तेरी मुझ पर भी हो जाए,
तुम्हारा छौड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ।bd।

---

किया उपकार है तू ने,
सदा अपने दिवानो पर,
दिवाने है वही तेरे,
निरँतर जो तुम्हे ध्याए,
तुम्हारा छौड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ।bd।

---

जिन्हे दुनिया से प्यारा है,
ऐ साँई सिर्फ दर तेरा,
है वो ही दास बड़भागी,
शरण साँई की जो पाए,
तुम्हारा छौड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरी भक्ती मेरे साँई,
अगर मुझको भी मिल जाए,
तेरे चरणो की रज से फिर,
मेरा जीवन सँवर जाए,
तुम्हारा छौड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ।bd।

---

दया की एक नजर साँई,
अगर मुझ पर भी हो जाए,
मेरी नइया न डूबेगी,
ये भव सागर से तर जाए,
तुम्हारा छौड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ।bd।

---

तुम्हारा छोड़ कर द्वारा,
ऐ साँई हम कहाँ जाएँ,
सिवा तेरे मेरा जग मे,
नज़र दूजा नही आए।bd।

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
श्री शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923

वीडियो उपलब्ध नहीं।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com